कोटद्वार, बुधवार
13 नवम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 190 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

आज बंद रहेगी सुरकंडा देवी रोपवे सेवा

नई टिहरी : सुरकंडा देवी रोपवे सेवा बुधवार (आज) को मासिक रूटीन चेकअप के कारण बंद रहेगी। मंगलवार को किसी कारणवश चेकअप पूरा नहीं हो पाया था। यह जानकारी देते हुए रोपवे सेवा के प्रबंधक चंद्रभान सिंह और समन्वयक नरेश बिजल्वाण ने बताया कि सुरक्षा मानकों को देखते हुए प्रत्येक माह रोपवे की मेंटेनेंस और चेकअप की जाती है। ताकि संचालन के समय कोई दिक्कत न हो। बताया कि रोपवे सेवा बंद रहने के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरकंडा देवी मंदिर के लिए पैदल ही डेढ़ किमी. चढ़ाई चढ़कर जाना होगा। गुरुवार को रोपवे सेवा सामान्य रूप से संचालित की जाएगी। (एजेंसी)

शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने का आरोप

रुड़की। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के निवासी युवती का क्षेत्र के ही एक युवक से करीब सात माह पहले सोशल मीडिया के माध्यम से बातचीत हुई। इसके बाद इनकी दोस्ती हो गई। दोस्ती प्यार में बदल गई। आरोप है कि युवक ने युवती को शादी का झांसा दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे। करीब छह माह बाद जब युवती ने शादी करने के लिए कहा तो युवक ने बहाना बनाकर टाल दिया। जब युवती ने शादी के लिए दबाव डाला तो उसे धमकी देने लगा। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर उसके आपत्तिजनक फोटो पोस्ट करने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

श्रीहेमकुंड साहिब गुरूद्वारा पहुंचे मोरारी बापू

ऋषिकेश। प्रसिद्ध कथावाचक मोरारी बापू मंगलवार को गुरुद्वारा श्रीहेमकुंड साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने दरबार साहिब में मत्था टेका। गुरुघर से देश की उन्नति को लेकर प्रार्थना की। मोरारी बापू ने गुरुद्वारा परिसर में अर्जुन का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। उन्होंने सभी से पौधरोपण करने का संकल्प लेने की अपील भी की। मंगलवार दोपहर लक्ष्मणझूला रोड स्थित श्रीहेमकुंड गुरुद्वारे में मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा मोरारी बापू का स्वागत किया। गुरुद्वारे के विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों ने मोरारी बापू पर पुष्प वर्षा की। मोरारी बापू को गुरु ग्रंथ साहिब से संबंधित धार्मिक पुस्तक भी भेंट की गई। कुछ देर तक दरबार साहिब में समय बिताने के बाद मोरारी बापू गुरुद्वारा परिसर में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम शामिल हुए। गुरूद्वारा परिसर में अर्जुन का पौधा रोपते हुए मोरारी बापू ने कहा कि दुनियाभर में जलवायु परिवर्तन का समाधान पर्यावरण संरक्षण ही है, जिसके चलते देश के हर नागरिक का कर्त्तव्य है कि वह एक पौधा न सिर्फ रोप, बल्कि उसके फलने–फूलने तक देखभाल भी करे।

कार और बाइक की टक्कर में यूट्यूबर की मौत

ऋषिकेश। ऋषिकेश में दून मार्ग पर बाइक और कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार यूट्यूबर की मौत हो गई, जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। नाजुक हालत को देखते हुए पुलिस ने घायल युवक को एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया है। वहीं यूट्यूबर के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक बीते सोमवार की देर रात दून मार्ग स्थित आशुतोष नगर तिराहे पर कार और बाइक भिड़ी। हादसे में बाइक के पूरी तरह से परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में बाइक चला रहे 22 वर्षीय यूट्यूबर यश प्रजापति निवासी कैनाल रोड, गुमानीवाला की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक के पीछे बैठा साथी ऋषि कुशवाहा को भी गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान ऋषि की हालत बिगड़ने पर उसे एम्स रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि घायल ऋषि साथी यूट्यूबर की बाइक राइडिंग का वीडियो बनाकर पोस्ट करता था। उसकी बाइक पर भी यूट्यूबर चैनल का नाम पुलिस को मिला है। उधर, एम्स चौकी प्रभारी विनेश कुमार ने बताया कि ऋषि की हालत नाजुक बनी हुई है।

दर्दनाक दुर्घटनाः सिर धड़ से अलग—शरीर के हुए कई टुकड़े..

छह युवक-युवतियों की मौत



देहरादून : राज्य में हादसों का सफर थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बार राजधानी देहरादून के ओएनजीसी चौक के पास सोमवार रात दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। भीषण हादसे में छः युवक-युवतियों की मौत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि घटनास्थल का हाल देख हर किसी की रूह कांप गई। मरने वालों में तीन युवक व तीन युवतियां शामिल हैं।

भीषण हादसे में जान गवांने वाले युवक-युवतियों की उम्र 18 से 24 साल की थी। जोकि दिल्ली, दून और हिमाचल के रहने वाले थे। सभी देहरादून के ही प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ रहे थे। हादसे की खबर पर रात को पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

एक कंटेनर व एक इनोवा गाड़ी की आपस में जबरदस्त टक्कर हुई थी। कंटेनर मौके पर बिना चालक, बिना नंबर प्लेट के खड़ा मिला। कंटेनर के पिछले हिस्से में कार टकराई मालूम हुई। मौके पर बिना नंबर प्लेट की इनोवा कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मिली। जिसमें कुल सात लोग सवार थे। इनमें से छः की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि एक घायल अवस्था में मौके पर मिला। मौके पर सभी मृत छः युवकों को 108 के माध्यम से कोरोनेशन, दून अस्पताल और इंदिरेश अस्पताल मोर्चरी भेजा गया। मृतकों में तीन युवक और तीन युवतियां शामिल हैं। एक युवक गंभीर घायल है। ओएनजीसी चौक से गुजर रहे ट्रक के पिछले हिस्से से यह कार टकराई। दो शव के मौके पर ही कई हिस्से हो गए थे। मृतकों में गुनीत पुत्री तेज प्रकाश सिंह, उम्र 19 वर्ष निवासी साईं लोक जीएमएस रोड, कुणाल कुकरेजा पुत्र जसवीर कुकरेजा, उम्र 23 वर्ष निवासी गली नंबर 11 राजेंद्रनगर देहरादून, मूल निवासी चंबा हिमाचल प्रदेश, नव्या गोयल पुत्री पल्लव गोयल, उम्र 23 वर्ष, निवासी आनंद चौक तिलक रोड, अतुल अग्रवाल पुत्र सुनील अग्रवाल, उम्र 24 वर्ष, निवासी कालिदास रोड, कामाक्षी पुत्री तुषार सिंघल उम्र 20 निवासी कांवली रोड, देहरादून, ऋषभ जैन पुत्र तरुण जैन, उम्र 24 वर्ष निवासी राजपुर रोड शामिल हैं। जबकि सिद्धेश अग्रवाल पुत्र विपिन कुमार अग्रवाल, उम्र 25 वर्ष, निवासी आसियाना शोरूम मधुबन के सामने राजपुर रोड उम्र 25 वर्ष गभीर रूप से घायल है। पुलिस ने हादसे में मरे युवक युवतियों के शवों का पोस्टमार्टम कर उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (एजेंसी)

केदारनाथ विस क्षेत्र में 20 नवंबर को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : 07–केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन के कारण मतदान के दिन (20 नवंबर) को केदारनाथ निर्वाचन क्षेत्र में स्थित समस्त शासकीय, अशासकीय कार्यालय सहित शैक्षणिक संस्थानों में सवेतनिक सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्याम सिंह राणा ने बताया कि 20 नवंबर (बुधवार) को 07-केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन के दिन उक्त विधानसभा के अंतर्गत समस्त संस्थानों सहित शासकीय, अशासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अर्द्ध-निकायों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कार्मिकों, कारीगरों, मजदूरों को मतदान हेतु सवेतनिक सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके अधीनस्थ कार्मिकों को मताधिकार के प्रयोग करने हेतु अवकाश रखने को कहा है।

ईडी की बड़ी कार्रवाई :

झारखंड और पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर छापेमारी

कोलकात्ता , ईडी ने अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में झारखंड और पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, झारखंड और पश्चिम बंगाल में 17 जगहों पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। मामला झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ से जुड़ा है।

जानकारी के मुताबिक, आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने बांग्लादेशी नागरिकों की कथित अवैध घुसपैठ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में मंगलवार को पश्चिम बंगाल के अलावा चुनावी राज्य झारखंड में कई स्थानों पर छापेमारी की। बता दें एजेंसी ने सितंबर में धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत झारखंड में कुछ बांग्लादेशी महिलाओं की कथित घुसपैठ और तस्करी के एक मामले की जांच के लिए केस दर्ज किया था, जिससे कथित तौर पर काले धन की सप्लाई हुई। पीएम मोदी और बीजेपी नेताओं ने राज्य सरकार पर इस तरह की घुसपैठ में मदद करने का आरोप लगाया है, जिससे हालिया चुनाव अभियान के दौरान संथाल परगना और कोल्हान इलाकों के आदिवासी बहुल इलाकों के डेमोग्रेफिक लैंडस्केप में बदलाव आया है। विधानसभा चुनाव का पहला चरण बुधवार को 43 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए निर्धारित है, जबकि दूसरा चरण 38 सीटों के लिए 20 नवंबर को होगा।

केदारनाथ विस उप निर्वाचन : 88 मतदाताओं ने किया मतदान

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : 07-केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन में सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कराने के उद्देश्य से दूसरे दिन पोस्टल बैलेट टीम द्वारा घर-घर जाकर दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग व्यक्तियों का मतदान कराया गया केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपादित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में मंगलवार को दूसरे दिन घर-घर जाकर पोस्टल बैलेट टीम द्वारा दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं का मतदान कराया गया। जानकारी देते हुए रिटर्निंग अधिकारी 07-केदारनाथ/उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला ने बताया कि सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग कराने के लिए 11 से 15 नवंबर तक कुल 13 मतदान पोलिंग पार्टियों द्वारा घर-घर जाकर दिव्यांग एवं बुजुर्ग व्यक्तियों का मतदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र 07-केदारनाथ विधानसभा में पोस्टल बैलेट के माध्यम से कुल 193 मतदाताओं का मतदान किया जाना है, जिसमें 20 दिव्यांग मतदाता तथा 173 बुजुर्ग मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को पोस्टल बैलेट मतदान के दूसरे दिन कुल 88 मतदाताओं का मतदान कराया गया। जिनमें दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं का घर-घर जाकर मतदान कराया गया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी पोस्टल बैलेट नरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 178 दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया गया है, जिसमें 161 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के तथा 17 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

श्रीलंकाई नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों किया गिरफ्तार

चेन्नई ,। श्रीलंकाई नौसेना ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के आरोप में तमिलनाडु के 12 मछुआरों को पस्थुराई के पास गिरफ्तार किया है। तमिलनाडु के तटीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी श्रीलंका के नए राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के सार्वजनिक बयान के कुछ समय बाद हुई है। दिसानायके ने भारतीय मछुआरों द्वारा कथित तौर पर द्वीप राष्ट्र के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकडक़र श्रीलंका के समुद्री संसाधनों को नष्ट करने के बारे में चिंता व्यक्त की थी। राष्ट्रपति ने इस तरह की घुसपैठ के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। इस घटना से दो दिन पहले, श्रीलंकाई नौसेना ने रामेश्वरम से 23 तमिल मछुआरों को हिरासत में लिया था और तीन मोटर नावों को जब्त कर लिया था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने इससे पहले 23 अक्टूबर को केंद्र सरकार को पत्र लिखकर तमिल मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की थी।

मुख्यमंत्री ने ढोल दमाऊ की थाप में भेलो खेलकर मनाया ईगास

- मुख्यमंत्री आवास में सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया लोकपर्व ईगास

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में लोकपर्व ईगास बेहद सादगी से मनाया गया। मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना एवं सुंदरकांड पाठ कर प्रदेश में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने इगास पर्व पर भेलो पूजा कर, भेलो भी खेला। इस दौरान उन्होंने ढोल दमाऊ भी बजाया।

मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों को इगास की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपनी लोक परम्पराओं एवं लोक संस्कृति को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा आज पूरा राज्य धूमधाम से इगास मना रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सभी प्रदेश वासियों को इगास की शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री का उत्तराखंड से विशेष लगाव ही है जो वो स्वयं इगास पर्व में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा उत्तराखंड के लोक पर्वों और यहां की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक संस्कृति एवं लोक परम्परा देवभूमि की पहचान है। इगास का पर्व हमारे लिए बेहद विशेष है। इस लोक पर्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बीते कुछ सालों से सार्वजनिक अवकाश की परम्परा भी शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए प्रवासी उत्तराखंडी सम्मेलन में भी प्रवासी उत्तराखण्ड वासियों से भी उन्होंने अपने गांव में जाकर लोक पर्व को मनाने का आग्रह किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में उत्तराखंड वासियों से अपनी बोली भाषा का संरक्षण करने एवं गांव से जुड़ने का आग्रह किया था। ईगास पर्व पर हमने अपने गांव से जुड़ने एवं भाषा और लोक पर्वों के संरक्षण का संकल्प लेना है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, पद्मश्री प्रीतम भरतवाण सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

योगी सरकार ने 14 लाख गर्भवती महिलाओं को दी निजी केंद्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सौगात

लखनऊ ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेशवासियों को सुगम, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार अहम कदम उठा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले साढ़े सात वर्ष में प्रदेश के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव हुआ है, जिसने कभी बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज उत्तम प्रदेश की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। इसी के तहत योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 6 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं सुविधा का लाभ उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं, योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रदेश के किसी भी जिले के इम्पैनल्ड निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि उन्हें सुविधा का लाभ उठाने के लिए भटकना न पड़े। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जच्चा–बच्चा के स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर हैं। ऐसे में, उन्हें गुणवत्तापूर्ण इलाज के साथ ही पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश की गर्भवती महिलाओं को पीपीपी मोड पर फ्री अल्ट्रासाउंड के लिए ई–रुपी वाउचर की सुविधा फरवरी 2023 से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर दी जा रही है। मिशन निदेशक ने बताया कि सुविधा का लाभ देने के लिए प्रदेश के 75 जिलों में 1,861 निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों को इम्पैनल्ड किया गया है। शासन द्वारा अब तक गर्भवती महिलाओं को 14,50,238 ई–रुपी वाउचर जारी किए जा चुके हैं। वहीं, गर्भवती महिलाओं द्वारा 6,81,341 ई–रुपी वाउचर का लाभ उठाया जा चुका है। गर्भवती महिलाएं एक माह तक जारी ई–रुपी वाउचर का लाभ उठा सकती हैं। इसके बाद यह स्वतः कैंसिल हो जाता है। वहीं गर्भवती महिला द्वारा समय सीमा में लाभ न उठा पाने पर वह दोबारा ई–रुपी वाउचर प्राप्त कर सकती हैं। मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर गर्भवती महिलाओं को जिला महिला चिकित्सालय, संयुक्त चिकित्सालय, सीएचसी के साथ पीएचसी पर हर माह की 4 पीएमएसएमए दिवसों क्रमशः 1, 9, 16 और 24 तारीख को ई–रुपी वाउचर जारी किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुविधा का ज्यादा लाभ देने के लिए अभियान और प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

दिव्यांग, महिलाओं और बुजुर्गों को दिए जाएंगे 2500 रुपए, पेंशन में बढ़ोतरी का ऐलान

रांची ,भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग से एक दिन पहले धनबाद जिले के बाघमारा में झारखंड के लोगों के लिए बड़ी घोषणा की। शाह ने आज कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों की पेंशन राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर के बाद झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी, दिव्यांगों, महिलाओं और बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाकर 2500 रुपए कर दी जाएगी। उन्होंने 20 नवंबर को बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में कमल के निशान पर बटन दबाकर ढुलू महतो के भाई भाजपा उम्मीदवार शत्रुघ्न महतो को जिताने की अपील की। शाह ने कहा कि 10 साल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की भूमि को गरीब कल्याण का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा योजना, पीएम जनमन योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं झारखंड की भूमि से शुरू की गई।

कुमांउनी भाषा को आगे बढ़ाने में सहायक होगा सम्मलेनःकोश्यारी

चम्पावत। पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि भाषा सम्मेलन से कुमाउनी भाषा को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। कुमाउनी भाषा सम्मेलन के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने आयोजन की सराहना की। आयोजकों ने कुमाउनी भाषा को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की। चम्पावत में मंगलवार को तीन दिवसीय कुमाउनी भाषा सम्मेलन का समापन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि आधुनिकता के दौर में बोली भाषाएं पीछे छूटती जा रही है। बोली भाषा से भावी पीढ़ी को समृद्ध और गौरवशाली परंपरा से परिचित कराने की जरूरत है। कुमाउनी भाषा में संबोधन करते हुए उन्होंने स्थानीय भाषाओं को आम बोल चाल में शामिल करने की अपील की। डीएम नवनीत पांडेय ने आयोजकों के प्रयास की सराहना की। पहरू पत्रिका के संपादक हयात सिंह रावत ने कहा कि कुमाउनी भाषा को पाठ्यक्रम में शामिल करना नितांत आवश्यक है। भाषा को पाठ्यक्रम में शामिल करना न सिर्फ रोजगारपरक होगा।

वायु प्रदूषण से दिल्लीवासी परेशान, सांस लेने में हो रही दिक्कत

नई दिल्ली ,राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सर्दियों के आते ही प्रदूषण की समस्या आम हो जाती है। पिछले कुछ दिनों से खासकर दीपावली के बाद से यहां पर लोगों को सांस लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एक राहगीर अजय कुमार ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया कि बढ़ते प्रदूषण के कारण पूर्वी दिल्ली के पॉश इलाकों में भी लोगों को परेशानी हो रही है। बच्चे, बूढ़े और जवान सभी को सांस लेने में परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रदूषण के कारण दिल्ली के लोगों की जिंदगी बहुत बुरे हाल में बीत रही है। अगर कहीं, ट्रैफिक में रुक जाओ, तो वहां सांस नहीं ली जाती है। राहगीर संजय कपूर ने आईएएनएस को बताया कि बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही है। अस्थमा और अन्य स्वास्थ्य बीमारी से जूझ रहे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब कहा जा रहा है कि प्रदूषण के कारण हार्ट स्ट्रोक और हार्ट अटैक से लोगों की मौत हो रही है। बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ा हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली में मंगलवार सुबह 7.30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 355 दर्ज किया गया था, जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। राजधानी दिल्ली की 5 इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 से ऊपर बना हुआ रहा, जिसमें आनंद विहार में 404, जहांगीरपुरी में 418, मुंडका में 406, रोहिणी में 415, और वजीरपुर में 424 एक्यूआई दर्ज किया गया।

सुप्रीमकोर्ट से भरत इंदर सिंह चहल को राहत, गिरफ्तारी पर लगाई रोक

नई दिल्ली ,आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के सलाहकार रहे भरत इंदर सिंह चहल को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। सप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा है कि याची पर दंड योग कार्रवाई न की जाए। साथ ही चहल को कहा है कि वह जांच में पूरा सहयोग दें। वहीं, पंजाब सरकार से चार हफ्ते में जवाब मांगा गया है। 25 अक्टूबर को उनके खिलाफ पटियाला अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। चहल के वकील की तरफ से कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया था कि 76 वर्षीय चहल कई तरह की बीमारियों से पीड़ित हैं। साथ ही जांच में सहयोग के लिए तैयार हैं।

राहुल गांधी बोले, नफरत को मोहब्बत से ही खत्म किया जा सकता है

गोंदिया , महाराष्ट्र विधानसभा का रण जीतने के लिए राजनीतिक दलों के नेता जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटे हैं। इसी क्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गोंदिया एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने मोहब्बत और नफरत की राजनीति को लेकर बयान दिया। राहुल गांधी ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह लव यू शब्द भारत जोड़ो यात्रा के बाद जब मैंने कहा कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है, यह शब्द तब से चला है। यह बहुत जरूरी शब्द है, इसका सब लोग प्रयोग करते हैं। लेकिन राजनीति में यह शब्द गायब था। राजनीति में सिर्फ नफरत, हिंसा और गुस्सा ये चीजें फैलाई जा रही थीं। इसलिए हमने सोचा कि अगर दूसरी साइड ने नफरत का ठेका ले रखा है, तो हम मोहब्बत का ठेका ले लेते हैं। उसमें फायदा भी है।

नफरत में भाई भाई से लड़ता है, नफरत को नफरत नहीं काट सकती है। कोई आपसे नफरत करता है, आप उससे जाकर और नफरत करो, तो बात नहीं कटती लेकिन कोई भी आपसे नफरत करें और आपने उसे मोहब्बत दिखा दी, में नफरत खत्म हो जाती है। यह कांग्रेस पार्टी की सोच है, महात्मा गांधी की सोच है। इसके अलावा राहुल गांधी ने कहा कि जब भी मैं महाराष्ट्र में आता हूं आपके चेहरों पर आपके दिलों में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा दिखती है। कहने और समझाने की भी जरूरत नहीं होती है। यह आप में नेचुरल है आपके डीएनए में है। यह नया नहीं है यह हजारों साल से चल रहा है।

सम्पादकीय

छह मौतों का जिम्मेदार कौन?

उत्तराखंड में दर्दनाक दुर्घटनाओं की सूची बढ़ती ही जा रही है। अभी अल्मोड़ा में कुछ दिन पहले ही 36 लोगों की बस दुर्घटना में मृत्यु हो गई तो वहीं अब राजधानी देहरादून में 6 युवा लोगों की तेज रफ्तार में जान ले ली। पूरे राज्य के अंदर अब परिवार व्यवस्था को धरातल स्तर पर सुधारने की जरूरत नजर आने लगी है जिसके लिए सरकार को निश्चित तौर पर कड़े कदम उठाने ही होंगे। राजधानी देहरादून में देर रात घूमने के लिए निकले कुछ छात्र एक कंटेनर से टकरा गए और मौके पर ही छह युवाओं की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना रात लगभग 1:30 बजे की है तो ऐसे में अब कई सवाल भी व्यवस्थाओं को लेकर खड़े होने लगे हैं। व्यवस्थाएं घर से लेकर सड़कों तक की है जिसमें कहीं ना कहीं सामूहिक जिम्मेदारियां में लापरवाही देखी जा सकती है। सवारी उठना है कि पढ़ने वाले छात्र–छात्राएं आखिर इतनी रात तक अपना घर बार छोड़कर सड़कों पर क्या कर रहे थे और क्या उनके अभिभावकों को अपने बच्चों की उपस्थित के बारे में कोई जानकारी थी भी या नही? यदि अभिभावकों का बच्चों पर नियंत्रण हो तो निश्चित तौर पर उन्हें ऐसे दर्दनाक हादसा और जीवन भर रुलाने वाली त्रासदियों से राहत मिल सकती है, लेकिन आधुनिकता के आवेश में सब कुछ बच्चों की मनमर्जी के अनुसार ही चल रहा है। घटना बहुत ही दर्दनाक और दुखद है जिसने पूरे राज्य को सकते में डाल दिया है। अब दूसरा सवाल यह उठता है कि क्या हमारी सामाजिक व्यवस्था नियमों के अनुरूप चल रही है? क्लब, पब और बार का बढ़ता चलन युवा वर्ग को नशे की गिरफ्त में तो डाल ही रहा है साथ ही वह अपनी भविष्य के लक्ष्य से भी भटक रहे हैं। शहर के अंदर नियम विपरीत बार खुले हुए हैं जो समय समाप्त होने के बाद भी धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। स्थानीय पुलिस देखकर भी सब कुछ अनदेखा करती है और इसी का परिणाम है कि देर रात तक युवाओं को सड़कों पर झूमते हुए देखा जा सकता है। तेज रफ्तार युवाओं का शौक हो सकती है लेकिन यहां पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि वह सख्ती दिखाई, खास तौर से रात के समय सड़कों पर ऐसे वाहनों पर नजर रखें ताकि हादसों पर रोकथाम लग सके। या घटना युवाओं की बदलती सोच और आधुनिकता के परिवेश में पलने का शौक भी जाहिर करती है। निश्चित तौर पर अभिभावकों को बच्चों की सुरक्षा और भविष्य के लिए कठोर बनना ही होगा, अन्यथा फिर ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं को सहन करने के लिए भी मन को मजबूत बनाना होगा। समय से पहले ही छह युवा जिंदगियां का बुझ जाना बेहद दर्दनाक और कष्टकारी है जिसका दर्द वही परिवार समझ सकता है जिनके साथ यह सब घटित हुआ हो लेकिन इतना जरूर है कि ऐसी घटनाओं से सबक लेने की जरूरत है ताकि जिंदगियां सुरक्षित रह सके।

ईवीएम पर संदेह की उंगली

तनवीर जाफरी

हरियाणा विधानसभा चुनाव के अप्रत्याशित परिणामों ने पूरे देश के न केवल सभी प्रमुख एजेंसीज द्वारा किए गए एक्जिट पोल्स को बुरी तरह झुठला दिया था, बल्कि बड़े–बड़े राजनैतिक विश्लेषकों को भी हैरानी में डाल दिया था।

मजे की बात तो यह कि केवल कांग्रेस पार्टी ही हरियाणा में सत्ता में वापसी की उमीदों को लेकर गद्गद् नहीं थी, बल्कि स्वयं भाजपा को भी यह अहसास था कि किसान आंदोलन, अग्निवीर योजना, पहलवानों, महंगाई जैसे तमाम ज्वलंत मुद्दे उठने के बाद राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में इनके अलावा भाजपा को दस वर्ष की सत्ता विरोधी लहर का भी सामना करना पड़ सकता है। इसी आशंका के कारण भाजपा ने लगभग 35 प्रतिशत वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिए थे। टिकट कटने वालों में कई मंत्री भी शामिल थे।

भाजपा की इस कवायद के बावजूद उसके 12 में से 9 मंत्री चुनाव में पराजित हो गए। हद तो यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा की सीटों को भी बदल दिया गया था। इन सबके बावजूद नायब सिंह सैनी और अनिल विज जैसे नेताओं को भी मामूली मतों से ही जीत हासिल हुई। राज्य में 10 विधानसभा सीटें तो ऐसी रही जहां बीजेपी की जीत का अंतर 5 हजार से भी कम रहा। चूंकि हरियाणा में विधानसभा के नतीजे कांग्रेस के लिए अप्रत्याशित थे, इससिलए कांग्रेस ने सीधा आरोप लगा दिया कि हरियाणा चुनाव में उसे हरवाया गया है। उसका आरोप था कि कई जगह ईवीएम को हैक किया गया। इस सबके बीच सवाल यह भी उठा कि अनेक ईवीएम इंडिकेटर में बैटरी की मात्रा 90 व 95त्न तक दिखा रही थी, जबकि मतदान के अंतिम समय में प्रायः ईवीएम की बैटरी चार्जिंग की मात्रा 60–70 फीसद के बीच या इससे भी कम ही हुआ करती है। कांग्रेस का आरोप था कि जहां–जहां ईवीएम में बैटरी कम थी वहां–वहां कांग्रेस को प्रायः बढ़त मिली। इस आरोप का सीधा अर्थ है कि ईवीएम को बदल दिया गया था। कांग्रेस द्वारा 20 सीटों पर इस तरह की गड़बड़ी होने की शिकायत दर्ज कराई। सवाल यह है कि बीती 17 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के समय पर मुंबई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था, राजा की आत्मा ईवीएम में है', उस समय राहुल गांधी ही नहीं, बल्कि एमके स्टालिन और फारूक अब्दुल्ला जैसे अनेक बड़े नेताओं ने भी ईवीएम का मुद्दा उठाया था। और उस समय भी सभी का ईवीएम को लेकर एक ही स्वर था कि यदि उनकी सरकार आएगी तो वे ईवीएम को हटा देंगे। सवाल यह है कि हरियाणा के साथ–साथ जम्मू कश्मीर विधानसभा के भी चुनाव परिणाम आए तो जम्मू कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को मिले स्पष्ट बहुमत को स्वीकारा जा रहा है, लेकिन हरियाणा में भाजपा को मिली जीत प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस को पच नहीं पा रही। और वे खिसियायी बिल्ली खंबा नोचे के अंदाज में अपनी हार की भड़ास ईवीएम के त्रुटिपूर्ण होने की बात कहकर निकाल रहे हैं। बेशक, लोकतंत्र को सबको अपनी बात या राय रखने का हक है, लेकिन आचरण में दोहरापन नहीं होना चाहिए। यदि कांग्रेस के नेता हरियाणा में ईवीएम की कार्यप्रणाली में त्रुटियां निकाल रहे हैं तो फिर जम्मू कश्मीर विधानसभा परिणामों से सहमत क्यों? इससे पता चलता है कि वे

कहीं ऐसा न हो, यह चुनावी फिरकी ही साबित हो जाए

झारखंड में समान नागरिक संहिता जरूर लागू होगी मगर आदिवासी समुदायों की पहचान व विरासत पूरी तरह संरक्षित की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए यह घोषणा की। अमित शाह ने भाजपा के सत्ता में वापस लौटने पर राज्य की प्रत्येक महिला को गोगो योजना के तहत इक्कीस सौ रुपये देने का वादा भी किया। समान नागरिक संहिता को देश भर में लागू करने का वादा 2024 के आम चुनाव में भाजपा पहले ही कर चुकी है जिसमें देश के सभी नागरिकों के लिए समान नियम स्थापित करने का प्रस्ताव है। विवाह, तलाक, विरासत व संपत्ति का अधिकार इसमें शामिल हैं। जनसंघ के काल से ही सभी नागरिकों के लिए समान संहिता की बात उठती रही है जिसे भाजपा ने पिछले कुछ समय से पारिवारिक कानूनों में एकरूपता के नाम पर परिभाषित किया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के तहत राज्य के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में इसे शामिल किया गया है परंतु इसे जबरन कानून के जरिए लागू नहीं किया जा सकता। यह सिर्फ मार्गदर्शक सिद्धांत है। तमाम विवादों के बाद आदिवासी संस्कृति को इससे अलग करने का दबाव है। शायद इसीलिए आदिवासी इलाकों के मतदाताओं को प्रभावित करने के लोभ में पार्टी को अपने विचार में मुलायमियत दिखानी पड़ रही है। आदिवासियों के वोटों का महत्त्व पार्टी समझ रही है। उन्हें यूसीसी के नाम पर छिटकने नहीं देना चाहती। आदिवासियों की परंपराओं व स्थानीय रीतियों में इस नियम के बाद पाबंदी लगने का भय दिखा कर विपक्ष इस वोट बैंक को अपने पक्ष में करने को लालयित रहा है। शाह के स्पष्टीकरण से उनकी मंशा पर पानी फिर सकता है।

सतत एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति ही हमारा ध्येय

–प्रद्युम्न सिंह तोमर

प्रदेश के हर बिजली उपभोक्ता को सतत एवं निर्वाध विद्युत आपूर्ति ही हमारी सरकार का ध्येय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल मार्गदर्शन में हमारा विभाग लगातार उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कर रहा है। इसी का परिणाम है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में ऊर्जा विभाग अव्वल है।

देश के घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विगत वर्षों की तरह वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये लागू टैरिफ दरों में राहत देने के लिये बिजली कंपनियों को अनुमानित 24 हजार 420 करोड़ 8 लाख रूपये की सब्सिडी देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। यह सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना, अटल कृषि ज्योति योजना, टैरिफ सब्सिडी और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जायेगी।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 में अब तक का सर्वाधिक 28627 मिलि?यन यूनिट विद्युत उत्पादन कर नया रिकार्ड बनाया गया है। यह पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास का सर्वाधि?क ताप विद्युत उत्पादन है। ताप विद्युत गृहों द्वारा विभिन्न मापदंडों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। ताप विद्युत गृहों का इस दौरान प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) 60.3 प्रतिशत रहा, जो वर्ष 2019–20 के पश्चात् सर्वाधिक है। वित्तीय वर्ष 23–24 के दौरान 13 थर्मल इकाइयों ने लगातार 100 दिनों एवं अधिक सतत् व निर्बाध विद्युत उत्पादन किया, जिनमें से दो इकाइयों ने 200 दिनों से अधिक समय तक विद्युत उत्पादन किया।

राज्य शासन के निर्णयानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब उपभोक्ताओं को एक ही परिसर में पृथक–पृथक रहने पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा कुछ शर्तों के आधार पर कराई जा रही है। ऐसे आवेदक जो एक ही परिसर में निवास कर रहे हैं लेकिन अलग–अलग रहते हैं, तो उनके द्वारा अलग बिजली कनेक्शन का आवेदन करने पर उन्हें नवीन कनेक्शन दिया जा रहा है।

प्रदेश में बिजली अधोसंरचना का लगातार विकास हो रहा है। वर्तमान में 33 के. वी. लाइंस 61 हजार 162 किलोमीटर हो गई है। 33 के.वी. लाइंस वर्ष 2003 में 29 हजार 70 किलोमीटर, वर्ष 2008 में 33 हजार 913 , वर्ष 2011 में 38 हजार 867, वर्ष 2013 में 41 हजार 528, वर्ष 2014 में 43 हजार 910 और वर्ष 2024 में 61 हजार 162 किलोमीटर हो गई है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में मार्च 2024 तक 3165 किलोमीटर 11 केव्ही लाइन का विस्तार किया गया है। यह क्रम लगातार जारी है।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ने 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट को लगातार 300 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है। यह विद्युत यूनिट की स्थापना के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

इसी तरह श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया (एसएसटीपीपी खंडवा) के अभियंताओं व कार्मिकों ने एक बार फिर कमाल दिखाते हुए 660 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट नंबर 3 को 200 दिन तक संचालित करने में सफलता हासिल की है।

बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये अधोसंरचना निर्माण के उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। ट्रांसमिशन

व्यवस्था मजबूत करने के लिये वित्तीय वर्ष 2023–24 में 14 अति उच्चदाब उप केन्द्रों की स्थापना की गई है। साथ ही 26 अति उच्चदाब पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किये गये हैं। कुल 818.170 सर्किट किलोमीटर अति उच्चदाब लाइन का निर्माण भी किया गया है। यही नहीं 25 अतिरिक्त अति उच्चदाब पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं 40 अति उच्चदाब पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि कर अति उच्चदाब उप केन्द्रों की क्षमता में 4630 एमव्हीए की वृद्धि भी की गई है।किसानों को शीघ्र स्थायी सिंचाई पंप कनेक्शन दिये जाने के उद्देश्य से स्वयं का ट्रांसफार्मर लगाये जाने की योजना लागू की गई है। योजना में किसान स्वयं अथवा समूह में निर्धारित मापदंड के अनुसार ट्रांसफार्मर स्थापित कर सकते हैं। योजना में वर्ष 2023–24 में एक लाख 30 हजार 303 ट्रांसफार्मर स्थापित किये जा चुके हैं।ऊर्जा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना अटल गृह ज्योति योजना में एक करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को और 26 लाख 59 हजार उपभोक्ताओं को अटल कृषि ज्योति योजना में लाभान्वित किया जा रहा है। अटल गृह ज्योति योजना में प्रदेश के ऐसे सभी घरेलू उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिनकी मासिक खपत 150 यूनिट तक है।अटल कृषि ज्योति योजना में 10 हार्स पॉवर तक के मीटर रहित स्थाई कृषि पंप कनेक्शनों को 750 रूपये प्रति हार्स पॉवर प्रतिवर्ष एवं 10 हार्स पॉवर से अधिक के मीटर रहित स्थाई कृषि पंप कनेक्शनों को 1500 रूपये प्रति हार्स पॉवर प्रतिवर्ष की फ्लेट दर से बिजली दी जा रही है। साथ ही 10 हार्स पॉवर तक के मीटरयुक्त स्थाई कृषि पंप कनेक्शन एवं अस्थाई कृषि पंप कनेक्शनों को भी ऊर्जा प्रभार में रियायत दी गई है।विद्युत संबंधी विषयों के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय के लिये राज्य स्तरीय विद्युत अंतर्विभागीय समिति का गठन किया गया है। समिति उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत उपभोग की प्रवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन करने और प्रभावी राजस्व प्रबंधन में सहयोग करेगी। इसके अतिरिक्त समिति विद्युत उपभोक्ताओं के संबंध में पृथक–पृथक शासकीय विभागों द्वारा संधारित जानकारी एकत्रित करेगी, जिसमें डाटा एनालिसिस के आधार पर सक्षम व समर्थ उपभोक्ताओं की पहचान की जा सकेगी। जिनके द्वारा जानबूझकर विद्युत बकाया का भुगतान नहीं किया जा रहा है अथवा अन्य पद्धतियों से विद्युत बिल अनियमित तरीके से कम किया जा रहा है, की पहचान करेगी। विद्युत चोरी पकडने एवं बकाया राशि की वसूली के दौरान विद्युत कार्मिकों के साथ अभद्र व्यवहार की स्थिति में त्वरित वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कर सुरक्षा प्रदान करने में सहयोग करेगी। समिति शासकीय विभागों व शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों पर विद्युत कंपनी की बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करेगी। समिति अवैध कॉलोनियों सहित अन्य रहवासी क्षेत्रों में विद्युत चोरी की रोकथाम के लिये जागरूकता अभियान तथा विद्युत अधोसंरचना के विकास के लिये प्रभावी कार्रवाई भी करेगी।शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई संबंधी, जले/खराब ट्रांसफार्मरों व विद्युत लाइन अवरोधों एवं गलत देयकों की शिकायतों को दर्ज कर समय–सीमा में निराकरण किया गया। जबलपुर, भोपाल एवं इन्दौर में स्थापित केन्द्रीयकृत 1912 कॉल सेंटर सेवा को सुदृढ़ किया गया है। जनवरी 2019 से मार्च 2024 तक विद्युत प्रदाय संबंधी 1 करोड़ 79 लाख 45 हजार 164 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों को निराकृत किया गया है।शिकायतों के निराकरण उपरांत समीक्षा की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। इसके तहत तीनों कॉल सेंटर से प्रति कंपनी प्रतिदिन 500 शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनकी संतुष्टि जांच की जाती है। उपभोक्ता संतुष्टि प्रतिशत 98.75 पाया गया।प्रदेश में औद्योगिक व उच्च दाब (एचटी) विद्युत उपभोक्ताओं, निम्न दाब (एलटी) औद्योगिक और गैर घरेलू उपभोक्ताओं (जिनका लोड 10 किलोवाट से अधिक है) के लिए नये विद्युत टैरिफ में दिन के समय में (सौर ऊर्जा अवधि के घंटों के दौरान) सुबह 9 से शाम 5 बजे तक की गयी खपत पर ऊर्जा प्रभार में 20 प्रतिशत की छूट तथा शाम 5 से रात्रि?10 बजे के दौरान की गयी ऊर्जा खपत पर 20 प्रतिशत का सरचार्ज लागू किया गया है। इससे उपभोक्ताओं को दिन के समय खपत करने पर उनके विद्युत देयकों में कमी आयी है, साथ ही उच्चतम मांग अवधि के दौरान कोयला आधारित विद्युत की मांग पर नियंत्रण हो रहा है। उन्होंने बताया है कि विद्युत वितरण कंपनियों की इस योजना से प्रदेश के कुल 10025 औद्योगिक एवं उच्च दाब उपभोक्ता लाभान्वि?त हुए हैं। इनको प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा अप्रैल से अब तक 310 करोड़ 66 लाख रूपए का रिबेट प्रदान किया गया है।प्रदेश की घोषित एवं अघोषित अवैध कॉलोनियों के रहवासियों को स्थायी विद्युत कनेक्शन देने के लिये आवश्यक अधोसंरचना निर्माण की लागत के भुगतान में राहत देने हेतु "सुगम विद्युत (सुविधा) योजना–2024" लागू की गई है। योजना में आवेदक या आवेदकों के समूह को निर्धारित राशि का न्यूनतम 25 प्रतिशत आवेदन के साथ एकमुश्त देना होगा। शेष राशि का भुगतान कनेक्शन चालू होने के बाद मासिक बिल के साथ ब्याज सहित किया जा सकेगा।प्रदेश के उच्चदाब एवं निम्नदाब श्रेणी के औद्योगिक एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये स्थायी रूप से विच्छेदित विद्युत कनेक्शनों को पुनः जोडने एवं बकाया राशि के भुगतान में राहत तथा नवीन औद्योगिक एवं वाणिज्यिक आवेदकों को आवश्यक अधोसंरचना निर्माण की लागत के भुगतान में राहत देने के लिये "उद्योग मित्र योजना–2024" लागू की गई है।

कुबेर से रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर जारी

साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों कुबेर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर धनुष और सुपरस्टार नागार्जुन के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य नायिका की भूमिका में हैं। रश्मिका के किरदार की झलक पहले ही जारी हो चुकी है, जिसे देख दर्शक उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब दर्शकों के इस उत्साह को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से रश्मिका का नया पोस्टर जारी किया है।

शेखर कम्मुला की आगामी फिल्म कुबेर के निर्माताओं ने मुख्य अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर जारी किया है। पोस्टर में मंदाना मुंबई के बांद्रा–वर्ली सी लिंक ब्रिज की पृष्ठभूमि में मुस्कुराते हुए खड़ी हैं। उनके पहनावे से पता चलता है कि वह एक जमीनी जीवन जीने वाले किरदार को निभा रही हैं और उनके कंधों पर लटका बैग उनकी यात्रा के रोमांच की ओर इशारा करता है।

इससे पहले निर्माताओं ने प्रशंसकों को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए घोषणा पोस्ट साझा किया था, जिसमें टीजर रिलीज के बारे में जानकारी दी गई थी। पोस्ट में लिखा था, शेखर कम्मुला की कुबेर की ओर से आपको शानदार दिवाली की शुभकामनाएं। इंतजार लगभग खत्म हो गया है। 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर धमाकेदार कुबेर का टीजर देखें।फिल्म में धनुष के किरदार की बात करें तो कुबेर में धनुष एक ऐसे किरदार को निभा रहे हैं, जो एक बेघर व्यक्ति के रूप में शुरू होता है, लेकिन अंततः एक शक्तिशाली माफिया सरगना बन जाता है। रश्मिका और धनुष के साथ फिल्म में अक्किनेनी नागार्जुन, संदीप किशन, जिम सर्भ और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा सकते हैं।

सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव द्वारा निर्मित कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है। प्रोडक्शन डिजाइनर रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे तकनीकी दल का हिस्सा हैं। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। कुबेर शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुभाषी फिल्म है।

बल्ले से निकलेंगे रन या विकेट्स की लगेगी झड़ी?

नई दिल्ली। भारत बनाम साउथ अफ्रीका के बीच चार मैचों की टी20क सीरीज का तीसरा मैच 13 नवंबर को खेला जाना है। यह मुकाबला सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा। सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद टीम इंडिया को दूसरे मैच में साउथ अफ्रीका ने 3 विकेट से मात दी। अब दोनों टीमें सीरीज में 1–1 की बराबरी पर है। तीसरे टी20 में टीम इंडिया की नजरें जीत हासिल कर शानदार वापसी करने पर होगी। वहीं, साउथ अफ्रीका की नजरें सीरीज में बढ़त हासिल करने पर रहेगी। ऐसे में इस मैच से पहले जानते हैं सेंचुरियन की पिच बैटर्स या बॉलर्स, किसके हक में होगी? दरअसल, सेंचुरियन की सुपरस्पोर्ट पार्क स्टेडियम की पिच पर आमतौर पर गेंदबाजों को बाउंस अच्छा मिलता है। गेंद का सामना करना हर बल्लेबाज की बस की बात नहीं होती।

विराट कोहली को कोचिंग देने वाला अब श्रीलंकाई टीम से जुड़ा

नई दिल्ली। जब से आईपीएल शुरू हुआ है तब से विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में ही खेले हैं। वह इस टीम के कप्तान भी रहे। हालांकि, 2021 में उन्होंने टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। फाफ डु प्लेसी को फिर टीम का कप्तान बनाया गया था जिनके नेतृत्व में इस साल आरसीबी ने प्लेऑफ खेला। आईपीएल–2024 में आरसीबी के साथ बतौर बल्लेबाजी सलाहकार काम करने वाले नील मैकेंजी अब श्रीलंकाई टीम के साथ जुड़ गए हैं। टीम इंडिया इस समय साउथ अफ्रीका के दौरे पर चार मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। इसके बाद श्रीलंकाई टीम साउथ अफ्रीका के दौरे पर जाएगी। इस दौरे के लिए श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने साउथ अफ्रीका के पूर्व ओपनर

मैकेंजी को अपना बल्लेबाजी सलाहकार नियुक्त किया है।

टीम को मिलेगी मदद

मैकेंजी की नियुक्ति पर श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ एश्ले डी सिल्वा ने कहा है कि उनके आने से टीम को साउथ अफ्रीका के हालात को समझने और उसके मुताबिक खेलने में मदद मिलेगी। एश्ले ने कहा, "मैकेंजी अपने साउथ अफ्रीका के हालात की अहम और गहरी जानकारी लेकर आएंगे जिससे श्रीलंका खिलाड़ियों को यहां की स्थितियों को समझने में मदद मिलेगी।" मैकेंजी ने साल 2009 में संन्यास ले लिया था। इसके बाद दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कई टीमों के साथ बतौर कोच काम किया। साल 2018 में मैकेंजी बांग्लादेश क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी सलाहकार बने थे। साल 2020 में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया था। इसी साल की शुरुआत में मैकेंजी आईपीएल टीम आरसीबी के बैटिंग कोच बने थे।

रिलीज से पहले पुष्पा 2 ने जवान और कंगुवा को चटाई धूल

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन अपनी अपकमिंग फिल्म पुष्पा 2: द रूल की रिलीज की तैयारी में है. अमेरिका में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है. एडवांस बुकिंग का काउंटर खुलते ही फिल्म ने कई रिकॉर्ड्स तोड़ दिए. इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अल्लू अर्जुन के फैंस पर पुष्पा 2 का क्रेज सिर चढक़र बोल रहा है.पुष्पा 2: द रूल ने स्क्रीन काउंट के मामले में एक नया रिकॉर्ड कायम किया है. सुकुमार की निर्देशित फिल्म स्क्रीन काउंट के मामले में सबसे बड़ी भारतीय फिल्म रिलीज बनने के लिए तैयार है. इससे पहले, यह रिकॉर्ड शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान (2023) और साउथ सिंघम स्टार सूर्या शिवकुमार की फिल्म कंगुवा (2024) के नाम था. जवान को दुनियाभर के 100 से अधिक स्क्रीन पर रिलीज किया गया था. लेकिन अब अल्लू अर्जुन की आगामी फिल्म ने इस रिकॉर्ड को तोड़ दिया है. पुष्पा 2 दुनियाभर के 11,500 से ज्यादा स्क्रीन पर रिलीज होने जा रही है.रिलीज से पहले ही पुष्पा 2 ने वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है. मेकर्स ने फिल्म की एडवांस बुकिंग लगभग एक महीने पहले शुरू कर दी है. फिल्म ने सिर्फ उत्तरी अमेरिका में अपने प्रीमियर से ही प्री–सेल में 500 हजार डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है, जो पुष्पाः द राइज (2021) की प्री–सेल की संख्या से भी ज्यादा है. अब, पुष्पा 2 अमेरिका में सबसे तेज 500 हजार डॉलर कमाने वाली भारतीय फिल्म बनकर उभरी है.इन सबके अलावा पुष्पा 2 ने एक और उपलब्धि हासिल की है. पुष्पा 2 को ढ्ढरूष्ठढ्ढ ने 2024 की मोस्ट अवेटेड इंडियन मूवी का दर्जा दिया है, जो 85 प्रमुख रिलीज की लिस्ट में टॉप पर है. इसने वरुण धवन की बेबी जॉन और अजय देवगन की सिंघम अगेन जैसी अन्य हाई–प्रोफाइल फिल्मों को भी पछाड़ दिया है.

इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, पुष्पा 2 अपने ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर सकती है. यह लगभग 270 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर सकती है. अगर यह अनुमान सही साबित हुई तो यह 270 करोड़ से ज्यादा कमाई करने वाली पहली भारतीय फिल्म बन जाएगी.

कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 ने 9वें दिन भी किया कमाल, रूह बाबा ने सिंघम को चटाई धूल

कार्तिक आर्यन स्टारर फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर दर्शकों में भारी क्रेज देखने को मिल रहा है. दिवाली के मौके पर रिलीज हुई ये हॉरर–कॉमेडी फिल्म इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक थी. ऐसे में रिलीज के बाद दर्शक भूल भुलैया 3 को अपना भरपूर प्यार दे रहे हैं. फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हर रोज दमदार कलेक्शन कर रही है. दूसरे शनिवार के कलेक्शन में तो भूल भुलैया 3 ने सिंघम अगेन को भी पछाड़ दिया है.

सैकनिल्क के मुताबिक भूल भुलैया 3 ने पहले हफ्ते 158.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था. 8वें दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 9.25 करोड़ रुपए बटोरे थे. वही अब नवें दिन कार्तिक आर्यन की फिल्म को वीकेंड का फायदा मिला है और इसने 15.50 करोड़ रुपए का शानदार कलेक्शन किया है. भारत में भूल भुलैया 3 ने अब तक कुल 183 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है.

'यशस्वी जायसवाल ऑस्ट्रेलिया में होंगे फुस्स', कंगारुओं का माइंड गेम शुरू

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई टीम हमेशा से ही एक कड़ी और मुश्किल टीम रही है। इस टीम के खिलाफ खेलना बहुत बड़ी चुनौती रहा है। ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं कि ये टीम मैदान पर दमदार खेल दिखाती है। बल्कि इसलिए भी क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई टीम माइंड गेम खेलने में भी मास्टर है। भारतीय टीम इस समय ऑस्ट्रेंलिया के दौरे पर है और इस टीम के पूर्व खिलाड़ियों ने माइंड गेम खेलना शुरू कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सभी की नजरें विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत पर तो होंगी ही। लेकिन टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी फोकस में रहेंगे। इस बल्लेबाज ने भारत में अपनी बैटिंग से काफी प्रभावित किया है। अब देखना है

कि वह विदेशी जमीन पर कैसे खेलते हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर–बल्लेबाज ब्रैड हैडिन ने यशस्वी की प्रतिभा को सिरे से खारिज कर दिया है।

फेल रहें यशस्वी

हैडिन ने कहा है कि यशस्वी शानदार बल्लेबाज हैं लेकिन ऑस्ट्रेलिया में तेज और उछाल भरी पिचों पर वह चल नहीं पाएंगे। हैडिन ने छ्ररळठफ रस्त्रङ्क१३ पॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा, "मुझे नहीं लगता कि भारतीय बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी के सामने टिक पाएंगे। मैं जानता हूं कि यशस्वी शानदार बल्लेबाज हैं, लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया नहीं आए हैं और यहां नहीं खेले हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि वह यहां पर बाउंस को संभाल पाएंगे।"

एक नजर

कबड्डी प्रतियोगिता में राइका खोला कड़ाकोट रहा विजयी

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के न्याय पंचायत खोल कड़ाकोट की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर-14 वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज खोला कड़ाकोट ने उच्च प्राथमिक विद्यालय महीधार को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। राजकीय इंटर कॉलेज डांग तृतीय स्थान पर रहा। बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में जीआईसी खोला कड़ाकोट ने जीआईसी डांग को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में राइंका खोला प्रथम स्थान पर रही। वालीबॉल में बालक एवं बालिका वर्ग में राइंका डांग ने प्रथम, गोला फेक में राइंका कपरोली के शिवम रावत और राइंका कपरोली की अदिति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। (एजेंसी)

श्रीनगर के सितारे के लिए 12 प्रतिभागी चयनित

श्रीनगर गढ़वाल : पौराणिक एवं प्रसिद्ध बैकुंठ चतुर्दशी मेले में होने वाले श्रीनगर के सितारे प्रतियोगिता के लिए 12 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। नगर निगम सभागार में बैकुंठ चतुर्दशी 2024 श्रीनगर के सितारे स्टार नाइट प्रतियोगिता में सिंगिंग और डांसिंग का ऑडिशन समाप्त हुआ। जिसमें नगर क्षेत्र के सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नगर क्षेत्र के अंतर्गत लगभग दोनों प्रतियोगिताओं में 120 बच्चों ने प्रतिभाग किया। सिंगिंग प्रतियोगिता में जज की भूमिका में प्रिया ठक्कर, पंकज नैथानी और तुषार रहे। श्रीनगर के सितारे कार्यक्रम के प्रभारी सह नगर आयुक्त गायत्री बिष्ट, सह प्रभारी विजय लक्ष्मी रतूड़ी और बिपेंद्र बिष्ट ने कहा कि सिंगिंग और डांसिंग प्रतियोगिता में 6-6 प्रतिभागियों का चयन हुआ है। बताया कि चयनित 12 प्रतिभागी श्रीनगर के सितारे में प्रतिभाग करेंगे। (एजेंसी)

प्रसिद्ध बैकुण्ठ चतुर्दशी मेला 14 से, तैयारियों में जुटा निगम प्रशासन

श्रीनगर गढ़वाल : 14 नवम्बर से शुरू होने जा रहे पौराणिक एवं प्रसिद्ध बैकुंठ चतुर्दशी मेले को लेकर नगर निगम एवं जिला प्रशासन अंतिम तैयारियों में जुटा हुआ है। सात दिनों तक चलने वाले मेले का उदघाटन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाएगा।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय भी मौजूद रहेंगे। प्रशासन की ओर से इस बार मेले को पहाड़ी थीम से सजाने की योजना बनाई गई है। सात दिवसीय मेले में लोक कलाकार प्रीतम भरतवाण, कल्पना चौहान, अमित सागर, साहब सिंह रमोला, रूहान भारद्वाज, करिश्मा साह, नरेंद्र सिंह नेगी, हेमा नेगी करासी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। जिला प्रशासन कमलेश्वर मंदिर के प्रसाद को भी स्पेशल रूप रंग देने जा रहा है। इसके लिए जीएमवीएन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। (एजेंसी)

चमोली की बेटी हर्षिता राष्ट्रीय स्तर पर चयनित

चमोली : एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब की प्रदेश स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने पर चमोली जिले की हर्षिता का चयन राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर हर्षिता का मंगलवार को गोपेश्वर आने पर भव्य स्वागत किया गया। चमोली जिले की टीम मैनेजर रश्मि नेगी ने बताया पिथौरागढ़ में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हर्षिता ने ऊंची कूद में रिकॉर्ड बनाया है। मंगलवार को गोपेश्वर पहुंची हर्षिता का खिलाड़ियों, शिक्षकों और खेल प्रेमियों ने स्वागत किया।

यहां है दुर्घटना का इंतजार: हर मोड पर खतरा, झाड़ियों में गिरे संकेतक

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुनौती बन रहा सफर

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कुछ दिन पूर्व अल्मोड़ा के मरचूला में हुई बस दुर्घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। पहाड़ में होनी वाली दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बदहाल सड़क व यातायात नियमों की अनदेखी होती है। ऐसा ही हाल कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी देखने को मिल रहा है। जहां हर मोड़ पर वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। साथ ही सड़क किनारे खड़े संकेतक भी धराशायी हो चुके हैं।

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहन आवागमन करते हैं। लेकिन, दो वर्षों से वर्षाकाल के बाद बदहाल पड़ा राष्ट्रीय राजामार्ग वाहन चालकों के लिए चुनौती बन गया है। 15 किलोमीटर के सफर में बीस से अधिक डेंजर जोन बने हुए हैं। चार ऐसे स्थान हैं, जहां सड़क का आधा हिस्सा नदी में समा गया है। ऐसे में दोनों ओर से भारी वाहन आने पर परेशानी बढ़ जाती है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती है। अधिकांश स्थानों पर पत्थर व ऊबड़-खाबड़ स्थान से वाहन गुजर रहे हैं। ऐसे में यदि हल्का से भी नियंत्रण बिगड़ा तो वाहन सीधे नदी में जा गिरेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग के मोड़ व डेंजर स्थानों पर लगाए गए संकेतक गायब हो चुके हैं। जिससे वाहन चालकों को आगे आने वाली स्थिति के बारे में पता नहीं चल पाता। ऐसे में सवाल यह है कि यदि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोई बड़ी दुर्घटना होगी तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। जबकि, शहरवासी लगातार राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति में सुधार की मांग भी उठा रहे हैं।

कोटद्वार दुगड्डा के मध्य झाड़ियों में गिरा संकेतक

कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य धराशायी हुआ सड़क का हिस्सा

यहां पैराफिट भी हुए गायब

कोटद्वार-दुगड्डा-गुमखाल-सतपुली के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सड़क किनारे पैराफिट अथवा स्टील बैरिकेट्स नहीं हैं। ऐसा नहीं कि 52 किलोमीटर के इस क्षेत्र में कोई दुर्घटना न होती हो। लेकिन, दुर्घटना की रोकथाम को सरकारी तंत्र निष्क्रिय ही नजर आता है। कई स्थानों पर स्टीन बैरिक्रेट्स उखड़ कर खाई में गिर चुके हैं।

अब तक हुए हादसे

1. नौ दिन पूर्व ही दुगड्डा-गुमखाल के मध्य एक पिकअप वाहन खाई में गिर गया था। जिसमें एक ठेकेदार की मौत हो गई थी
2. जून माह में कोटद्वार से करीब सात किलोमीटर आगे एक मैक्स वाहन के ऊपर बोल्डर भारी बोल्डर आ गया था। जिसमें एक सवारी की मौत हो गई थी। जिसमें चार घायल हो गए थे।
3. जून माह में ही आमसौड़ के समीप सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ऊपर पहाड़ी से पत्थर गिर गया था। जिसमें डंपर में सवार व्यक्ति की मौत हो गई थी।
4. कुछ माह पूर्व लालपुल के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खोह नदी में गिर गई थी, जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई थी।
5. कुछ माह पूर्व दुगड्डा के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी, जिसमे नगीना तहसील में तैनात लेखपाल सहित दो युवकों की मौत हो गई थी।

क्रिकेट मैदान को राजकीय एकेडमी घोषित करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल ने सिम्मलचौड़ स्थित महादेव क्रिकेट ग्राउंड को राजकीय एकेडमी घोषित करने की मांग की है। कहा कि वर्तमान में कई व्यक्ति मैदान की भूमि पर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में प्रशासन को गंभीरता से इस ओर ध्यान देना चाहिए। सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मंगलवार को उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक आयोजित की गई। उक्रांद के संरक्षक डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि क्रिकेट ग्राउंड की लगभग बीस बीघा भूमि सरकारी है। और उस पर क्रिकेट ग्राउंड का निर्माण करवाया गया है। लेकिन, कुछ व्यक्ति प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मैदान की भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। कहा कि क्रिकेट मैदान का संचालन प्रशासन को ही करना चाहिए। साथ ही पूरे मामले की जांच कर जो व्यक्ति भूमि पर कब्जा करने की योजना बना रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। कहा कि 15 दिन के भीतर मैदान को राजकीय क्रिकेट एकेडमी बनाने का प्रस्ताव जारी नहीं किया गया तो उत्तराखंड क्रांति दल आमजन के साथ आंदोलन करेगा। इस मौके पर महेंद्र सिंह रावत, जग दीपक सिंह रावत, पुष्कर सिंह रावत, हरीश द्विवेदी, प्रवेश नवानी, सत्यपाल सिंह नेगी, भारत मोहन काला, राकेश भट्ट, उमेश सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

उक्रांद की ओर से आयोजित बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता व पदाधिकारी

समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शिकायत के बाद भी जन समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर नागरिक मंच ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि जनप्रतिनिधियों को गंभीरता से ध्यान देते हुए जन समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। इस संबंध में मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व महासचिव अतुल भट्ट ने सांसद अनिल बलूनी को पत्र भेजा। बताया कि कोटद्वार गढ़वाल का द्वार है। लेकिन, यहां आज भी समस्याएं जस की तस बनी हुई है। लाख शिकायतों के बाद भी कोटद्वार को चारधाम यात्रा से नहीं जोड़ा जा रहा है। यदि कोटद्वार से यात्रा प्रारंभ की जाती है तो इससे क्षेत्रीय युवाओं को बेहतर रोजगार मिलेगा। कंडी रोड कोटद्वार-रामनगर रोड को आमजन के लिए बंद कर दिया गया है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2017 से हावड़ा गाड़ी बंद होने से गढ़वाल की जनता परेशान हो रही है। ट्रेन पकड़ने के लिए सेना के जवानों को नजीबाबाद की दौड़ लगानी पड़ती है। मंच ने कोटद्वार से मुम्बई व जम्मू के लिए भी ट्रेन सेवा शुरू व कोटद्वार से आनंद बिहार-दिल्ली एक्सप्रेस का नाम कण्वनगरी एक्सप्रेस रखने की भी मांग उठाई गई।

कर्मचारियों के हित में जल्द लागू करें पुरानी पेंशन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लगातार संघर्ष के बाद भी पुरानी पेंशन बहाल नहीं होने पर राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि कर्मचारी व अधिकारियों के हित को देखते हुए जल्द ही पुरानी पेंशन लागू की जानी चाहिए। इस दौरान आंदोलन को तेज करने पर भी चर्चा की गई। मंगलवार को कोटद्वार स्थित राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बाहल संयुक्त मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश महामंत्री सीताराम पोखरियाल ने कहा कि प्रदेश में सरकारी कर्मचारी व अधिकारी पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। बताया कि जब विधायक, सांसदों को पेंशन मिल सकती है तो कर्मचारियों व अधिकारियों को भी इसका लाभ दिया जाना चाहिए। प्रांतीय प्रवेक्षक जितेंद्र प्रसाद व अमित कंडवाल ने कहा कि कर्मचारियों का पैसा शेयर मार्केट में लगाया गया है जो कि वापस मिलने की कोई उम्मीद नहीं है। संरक्षक मुकेश रावत ने कहा कि कोटद्वार संयोजक मंडल का गठन हो चुका है जल्द ही नई कार्यकारणी का विस्तार किया जाएगा। सहसंयोजक आशा चौधरी ने कहा कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे से जुड़ा विषय है, इसलिए इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर सह संयोजक बबीता, मनमोहन रौतेला, अमित कंडवाल, आशा चौधरी, राजेंद्र प्रसाद बहुगुणा, सतपाल चौहान, श्रीश तिवारी, अरुणा चौहान, हेमलता बिष्ट, निशा आर्य आदि मौजूद रहे।

गंगा स्नान के साथ शुरू हुआ तरवाड़ी में पांडव नृत्य

रुद्रप्रयाग : मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत दरमोला के राजस्व ग्राम तरवाड़ी में देव निशान व पांडवों के गंगा स्नान के साथ पांडव नृत्य का मंचन शुरू हो गया है।

इस दौरान देव निशानों ने नृत्य कर भक्तों को आशीर्वाद दिया। पांडव नृत्य गांव में लगभग 20 दिनों तक चलेगा। इससे पूर्व सोमवार देर शाम ग्रामीण ढोल दमाऊके साथ देव निशान एवं घंटियों को स्नान कराने के लिए अलकनंदा-मंदाकिनी के संगम स्थल पर पहुंचे थे। विगत वर्षों की भांति इस बार एकादशी की पूर्व संध्या पर दरमोला, तरवाडी, स्वीली-सेम गांव के ग्रामीण देव निशानों को पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ गंगा स्नान के लिए अलकनंदा-मंदाकिनी के तट पहुंचे। यहां पर ग्रामीणों ने रात्रिभर जागरण करने के साथ देवताओं की चार पहर की पूजाएं संपन्न की। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंगलवार सुबह पांच बजे ग्रामीणों ने भगवान बद्रीविशाल, लक्ष्मीनारायण, शंकरनाथ, तुंगनाथ, नागराजा, चामुंडा देवी, हित, ब्रहमडुंगी, भैरवनाथ समेत कई देव के निशानों के साथ ही पांडवों के अस्त्र-शस्त्रों का स्नान कराया गया। जिसके उपरान्त पुजारी व अन्य ब्राह्मणों ने भगवान बद्री विशाल समेत सभी देवताओं की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष पूजा अर्चना शुरू की। तथा यहां पर हवन व आरती के साथ देवताओं का तिलक किया गया।

यहां उपस्थित स्थानीय भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। (एजेंसी)

रस्सा-कस्सी में धारी गांव ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : विकासखंड खिर्सू के कठूली में चल रही 71वीं रामलीला मंचन के दौरान एक दिवसीय महिला मंगल दलों की रस्सा कस्सी प्रतियोगिता आयोजित हुई। फाइनल मुकाबले में धारी गांव ने मिन्दाणगांव को हराकर जीत हासिल की। विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।क्षेत्र पंचायत सदस्य धीरेंद्र सिंह नेगी की ओर से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रस्सा कस्सी प्रतियोगिता में मेहलचोरी, कुशली, मिन्दाणगाव, कमलपुर, धरिगांव, गुरलभीटा, सिंगोरी, थापला की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुकेश सिंह, ईश्वर सिंह नेगी, चंद नेगी, अनिल बिष्ट, रविंद्र सिंह लक्ष्मण सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, सचिव जीतेंद्र नेगी, उपाध्यक्ष सतीश बिष्ट, कोषाध्यक्ष जीतेंद्र रावत आदि शामिल रहे।

दूसरे दिन भी आंदोलन में डटे रहे आमसौड़ के ग्रामीण

गांव में आपदा से बचाव का कार्य प्रारंभ नहीं होने पर जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गांव में आपदा से बचाव का कार्य प्रारंभ नहीं होने से आक्रोशित आमसौड़ के ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की भी चेतावनी दी। कहा कि गांव की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

आमसौड़ जनसंघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों ने दूसरे दिन भी अपना धरना जारी रखा। दूसरे दिन ग्रामीण ज्योति देवी, कांती देवी, यशोदा देवी व प्रभा देवी धरने पर बैठी। धरना दे रहे ग्रामीणों ने कहा कि विगत दिनों वर्षाकाल में गांव के ऊपर पहाड़ी से भारी मात्रा में पत्थर व मलबा लोगों के घरों में घुस गया था, जिस कारण ग्रामीणों को दूसरी जगहों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। अभी भी कई लोग पंचायत घरों व किराए के मकानों में रह रहे है। कई ग्रामीणों ने भी गांव से ही पलायन कर दिया है। समिति के प्रवक्ता गणेश जुयाल ने कहा कि पहाड़ी के ट्रीटमेंट करने के लिए कइ बार शासन-प्रशासन को पत्राचार किया जा चुका है। लेकिन, शासन-प्रशासन ग्रामीणों की मांगों को अनदेखा कर रहा है। जो कि ग्रामीणों के साथ सरासर धोखा है व इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि किसानों के लिए सिंचाई का एकमात्र साधन हाईड्रम योजना भी ठप पड़ी हुई है। योजना की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को सिंचाई का पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में खेती किसानी करने वाले किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। वर्षाकाल में पेयजल लाइने भी क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिनकी मरम्मत तक करने की सुध विभाग नहीं ले रहा है। इस मौके पर दुर्गा सिंह बिष्ट, विक्रम सिंह, कुंदन सिंह नेगी, प्रवीण सिंह, सुनीता देवी, उमा देवी मौजूद रहे।

प्रखंड दुगड्डा के अंतर्गत ग्राम आमसौड़ में धरने पर बैठी महिलाएं

इगास महोत्सव: करिश्मा शाह व रुहान भारद्वाज के गीतों पर झूमें दर्शक

मालवीय उद्यान में धूमधाम से मनाया गया इगास महोत्सव

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत मालवीय उद्यान में इगास महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान लोक गायक करिश्मा शाह व रुहान भारद्वाज ने मनमोहक गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया है। लोग देर शाम तक गीतों पर झूमते हुए नजर आए।

मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद अनिल बलूनी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण व लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। हमें अपने संस्कृति के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान करिश्मा शाह व रुहान भारद्वाज ने 'अब लगलू मंडाण..', 'फूल फूल्या यारो..','ऐगे इगास गों-गों मा मनोला..', 'ले भुजी जाला रे चूड़ा..' सहित अन्य मनमोहक गीतों की प्रस्तुति दी। देर शाम तक दर्शक लोक गायकों के गीतों पर झूमते हुए नजर आए। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने एक-दूसरे को इगास की भी बधाई देते हुए अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण का भी संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार

सांसद बलूनी के गांव में मनाया इगास पर्व

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी के गांव नकोट में मंगलवार को इगास बग्वाल का पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने गाय की पूजा कर त्योहार मनाया। ग्रामीणों ने कहा कि सांसद गढ़वाल अनिल बलूनी ने साल 2018 में इस विलुप्त हो रहे लोकपर्व को बचाने के लिए यह मुहिम चलाई थी, जोकि निरंतर जारी है। कहा कि कई प्रवासी ग्रामीण इस पर्व को मनाने के लिए अपने गांव आते है और धूमधाम के साथ यह पर्व मनाते है। उनकी इस मुहिम से आज कई गांवों में यह पर्व फिर से आयोजित होने लगा है और विलुप्त हो रहे लोकपर्व को एक नई पहचान मिली है। इस मौके पर सांसद अनिल बलूनी की चाची सुलोचना देवी, संजय बलूनी, प्रशांत, राधा, सतीश बलूनी, दिवाकर बलूनी, नवीन भद्री, संजीव, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।

कामरुप नगर में बंदरों का आतंक, निजात की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कामरूप नगर क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नतीजा, बंदरों के डर से लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुकिश्ल हो गया है। वार्डवासियों ने नगर निगम व वन विभाग से बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने की मांग की है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

वार्डवासियों ने बताया कि पिछले कुछ सप्ताह से वार्ड में लगातार बंदरों की संख्या बढ़ रही है। पूरे दिन वार्ड में घूम रहे यह बंदर लोगों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। वार्डवासी गजेंद्र बड़थ्वाल, विजय रावत ने बताया कि इस संबंध में पूव में भी नगर निगम व वन विभाग को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। बंदरों से सबसे अधिक खतरा बुजुर्ग व बच्चों को बना हुआ है।

बंदर घरों के भीतर घुसकर फ्रीज में रखे सामान को भी ले जा रहे हैं। कहा कि जन समस्या को गंभीरता से देखते हुए बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए।

थपला स्कूल के बच्चों ने किया कोटद्वार का भ्रमण

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पौड़ी जिले के सुदूर दुर्गम स्कूल राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थपला के बच्चों ने कोटद्वार का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सिद्धबली मंदिर व रेलवे स्टेशन का भी भ्रमण कर आवश्यक जानकारी ली। शिक्षक संतोष नेगी के नेतृत्व में बच्चों ने सबसे पहले सिद्धबली मंदिर का दर्शन किया। वहां उन्होंने मंदिर समिति की ओर से बनाई जा रही धूप बत्तियों के बारे में जाना। उसके उपरांत थपला स्कूल से आए बच्चों ने अपने क्षेत्र के विधायक और सिद्धबली मंदिर समिति के महंत दिलीप रावत से मुलाकात की। विधायक ने विद्यार्थियों को ट्रेक सूट दिये। भ्रमण के दौरान कोटद्वार रेलवे स्टेशन में पहुंचे विद्यार्थियों को स्टेशन अधीक्षक आशीष ने ट्रेन संचालन के बारे में जानकारी दी। बच्चों ने स्टेशन में खड़ी सिद्धबली जनशताब्दी के बारे में जानकारी ली। आशीष बिष्ट द्वार बच्चों को इंजन, डिब्बे, ट्रैक और डिब्बे में मौजूद सीटिंग की व्यवस्था के बारे में विस्तार से समझाया। रेलवे में टिकट बुक करने से लेकर बिजली की सप्लाई आदि के बारे में बच्चों ने अनेक प्रश्न किए। रेलवे में बालिकाओं की बढ़ती उपलब्धियों के बारे में बताया।

कोटद्वार में रेलवे स्टेशन का भ्रमण करते विद्यार्थी

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	230-DRM-MB-24-25 11.11.2024	228-DRM-MB-24-25 11.11.2024	227-DRM-MB-24-25 11.11.2024	219-DRM-MB-24-25 Dt. 11.11.2024
कार्य का नाम	Laying of track for RGM/Track machine siding at different stations BEG, RAC, TLH, MIL, PMR, RYS, BE, CBJ, RMU, BTO, NRS in the jurisdiction of Sr.DEN-III-MB.	Provision of rubberized level crossing surfacing at various LCs under ADEN/BE & ADEN/SPN in the jurisdiction of Sr.DEN/III/MB.	Heavy repair to leaky roof in staff quarters and service building and other misc. work under ADEN/BE	TFR, Distressing and other Miscellaneous work under ADEN/SPN in jurisdiction of Sr. DEN-III/MB.
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	04.12.2024 16:00	04.12.2024 16:00	04.12.2024 16:00	04.12.2024 16:00
अनुमानित लागत	1,38,03,606.42	1,98,06,960.34	79,48,349.13	1,00,50,055.71
धरोहर राशि	2,19,000.00	2,49,200.00	1,59,000.00	2,00,300.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	20.11.2024	20.11.2024	20.11.2024	20.11.2024
आफर की वैधता	60 दिन	60 दिन	60 दिन	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	8 माह	8 माह	8 माह	8 माह

नं. 75-W/2/3/WA/Publication, दिनांक: 11.11.2024 3505/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

एकादशी पर बदरीनाथ में हुई विशेष पूजा

चमोली : बदरीनाथ धाम के धर्माधिकारी पंडित राधाकृष्ण थपलियाल ने बताया कि मंगलवार को देव उठावनी एकादशी पर बदरीनाथ में भगवान बदरी विशाल और महालक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की गई। मंगलवार को इगास त्योहार और तुलसी विवाह पर घरों में दीवाली की तरह की चमक धमक की रही। घरों के आंगन में तुलसी को सजाया गया। पंडित कांति प्रसाद भट्ट ने बताया इस पवित्र और पुण्य पर्व पर विशेष पूजा अर्चना और उत्साह का माहौल उत्सव रहा। (एजेंसी)

14 से मुख्य बाजार रहेगा नो पार्किंग जोन

चमोली : गौचर में गुरुवार से शुरू हो रहे राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेले के दौरान वाहनों को खड़ा करने के लिए पुलिस और प्रशासन ने चार पार्किंग स्थल बनाए हैं। पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बताया कि मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जहां से सभी स्थानों की निगरानी रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भट्टनगर, मेघा कंपनी मैदान, बंदरखंड और डाट पुलिया के आस-पास स्थान निर्धारित किए गए हैं। दुपहिया वाहनों के लिए प्राथमिक विद्यालय तथा जीआईसी गौचर में पार्किंग उपलब्ध होगी। (एजेंसी)

जनपद स्तरीय प्रतियोगिता आज से

चमोली : उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार की ओर से जीजीआईसी गौचर में 13 व 14 नवंबर को जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जीजीआईसी गौचर की प्रधानाचार्य डॉ. सुमन ध्यानी के बताया कि प्रतियोगिता में संस्कृत समूहगान, संस्कृत वाद-विवाद एवं षड़विद्या संस्कृत छात्र प्रतियोगिता होगी। कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी डीएस रावत व विधायक अनिल नौटियाल मौजूद रहेंगे। (एजेंसी)

बेरोजगार-महंगाई के लिए सरकार की नीतियां जिम्मेदार

चमोली : गोपेश्वर में जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला सम्मेलन का उद्घाटन पार्टी का झंडा फहरा कर किया गया। जनवादी आंदोलनों के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। मोहन सिंह रावत, ललित मिश्रा, बस्ती लाल, सम्मेलन के राज्य पर्यवेक्षक गंगाधर नौटियाल, प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह नेगी को जिला सम्मेलन का मंच सम्मान दिया गया। पर्यवेक्षक गंगाधर नौटियाल ने कहा कि देश को एकजुट रखने के लिए संविधान में न्याय पूर्ण व्यवस्था की गयी है। भाजपा शासन के दौरान संवैधानिक स्तंभों पर हमला किया जा रहा है। सम्मेलन में माकपा के राज्य सचिव राजेन्द्र सिंह नेगी ने पार्टी की रणनीतिक व कार्यनीतिक लाइन पर विस्तार से बात रखी। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई, महिलाओं के खिलाफ हिंसा बढ़ने के लिए भाजपा की नीतियां जिम्मेदार है। इस दौरान मदन मिश्रा, भूपाल सिंह रावत, हिम्मत सिंह, प्रताप सिंह, सीमा सवाल, कुंवर राम, नरेंद्र सिंह रावत, पुरुषोत्तम सती, गैना लाल, मन मोहन रौतेला, जितेंद्र मल, देवेंद्र खनेरा, नंदन कठैत, कुशल बिष्ट, जय प्रकाश तोरतियाल आदि मौजूद रहे।

गढ़वाल विवि ने जीता पिट्ठू का दोहरा खिताब

देहरादून। राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में आयोजित पहली राज्य स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिताम में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में महिला और पुरुष दोनों वर्गों का खिताब जीता। परेड ग्राउंड में मंगलवार को प्रतियोगिता आयोजित की गई। विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

पुरुष वर्ग में पहला सेमीफाइनल देहरादून और चमोली के मध्य खेला गया। इसमें चमोली ने देहरादून को 80 – 72 के अंतर से पराजित किया। दूसरा सेमीफाइनल में एचएनबी गढ़वाल यूनिवर्सिटी पौड़ी और माउंट लिट्रा जी स्कूल मैदान में उतरे। इसमें पौड़ी ने 120 – 92 के अंतर से जीत हासिल की। जबकि फाइनल में गढ़वाल विवि की टीम ने पौड़ी को मात दी। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में माउंट लिट्रा जी स्कूल ने देहरादून की टीम को 78– 47 के अंतर से हराया।

महिला वर्ग में एचएनबी गढ़वाल यूनिवर्सिटी ने देहरादून को 61– 18 अंतर से हराकर प्रथम राज्य स्तरीय पिट्ठू प्रतियोगिता जीती। ऊधमसिंहनगर तीसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर उप निदेशक युवा कल्याण शक्ति सिंह , ट्रेडिशनल गेम्स एसोसिएशन के सचिव अश्वनी भट्ट, उपाध्यक्ष मनिंदर सिंह लडोला, कोषाध्यक्ष जितेंद्र लिंगवाल आदि मौजूद थे।

थानेश्वर बैकुंठ चतुर्दशी मेले का स्थानीय जनता अपने संसाधनों से करती है भव्य आयोजन

जगमोहन डांगी

पौड़ी : श्रीनगर की तर्ज पर मनियारस्यूं पट्टी के ग्राम थनुल स्थित प्राचीन सिद्धपीठ थानेश्वर महादेव मंदिर में बैकुंठ चतुर्दशी मेले का 14 नवंबर को आयोजन होगा। मनियारस्यूं क्षेत्र का यह इतिहासिक एवं पौराणिक मेला ग्राम थनुल ग्रामवासियों एवं आस-पास के ग्रामीणों एवं थानेश्वर महादेव मंदिर के प्रति आस्था है। प्रवासियों, श्रद्धालुओं के आर्थिक सहयोग से ही मेले का भव्य रूप से आयोजन किया जाता है। इस मेले में सरकार की ओर से कोई योगदान नहीं मिलता है। इतना जरूर है की मंदिर के प्रति आस्था रखने वाले श्रद्धालु के रूप में पूर्व एवं वर्तमान ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक स्वर्गीय बृजमोहन कोटवाल, स्वर्गीय सुंदरलाल मंद्रवाल सरकारी मंद सहयोग से पौराणिक विरासत को संरक्षण करने में सहयोग रहा। इसके अलावा मंदिर के प्रति आस्था रखने वाले सम्पन्न श्रद्धालुओं की निजी मदद से मंदिर विकास और समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान में सहयोग मिलता आया है। जिस कारण विगत 18 वर्षों बैकुंठ चतुर्दशी मेला हो या महाशिवरात्रि आयोजन अनवरत जारी है। इस बार भी स्थानीय ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियां मंदिर समिति द्वारा कर ली गई है। भारी संख्या में प्रवासी श्रद्धालुओं अपने-अपने गांव पहुंच चुके है। संतान प्राप्ति की कामना करने वाली पांच दंपतियों द्वारा शिव आराधना करने का पंजीकरण समिति के पास हो चुका है। वहीं मेले का शुभारंभ मंदिर विकास में अहम योगदान देने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति देवी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल मिंटू, अति विशिष्ट अतिथि ज्येष्ठ उपप्रमुख अनिल नेगी एवं प्रमुख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राणा के प्रतिनिधि के तौर पर कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन सिंह पटवाल द्वारा किया जायेगा। वहीं ब्लॉक प्रमुख श्रीमती बीना राणा के प्रतिनिधि के तौर उनके जनसंपर्क अधिकारी क्षेत्र के चिरपरिचित समाजिक कार्यकर्ता अशोक रावत की भी मौजूदगी रहेगी। रात्रि का मेला होने के कारण महिलाओं की संख्या अधिक होती है। सुरक्षा की दृष्टि से समिति द्वारा पहले ही संयुक्त मजिस्ट्रेड पौड़ी को ज्ञापन प्रेषित किया जा चुका है। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली सरकार से आबकारी निरीक्षक पद से सेवानिवृत हुए दिल्ली एनसीआर के वरिष्ठ समाजसेवी थनूल निवासी बीरेंद्र सिंह नयाल करेंगे। श्री नयाल का परिवार कई दशकों से मंदिर विकास में अहम योगदान देता आया है। उनके परिवार का योगदान के लिए इस वर्ष उन्हें थानेश्वर महादेव मंदिर समिति ने सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस वर्ष दूर दराज एवं प्रवासी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सायंकालीन भंडारे का आयोजन थनूल गांव की विवाहिता बेटी श्रीमती मालती रावत द्वारा किया जा रहा है। मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष मनमोहन सिंह रावत ने बताया महिलाओं की सुविधा को देखकर पेयजल व्यवस्था, पथ प्रकाश, पांडव नृत्य के लिए लकड़ी आदि व्यवस्थाएं हो गई है। मंदिर के महंत गंगा भारती महाराज ने कहा कि थनूल ग्रामवासियों एवं क्षेत्रीय जनता के सहयोग से पौराणिक मेले का शांति पूर्वक आयोजन होता है।

प्राचीन सिद्धपीठ थानेश्वर महादेव मंदिर।

कन्या गुरुकुल : मीडिया के पारंपरिक एवं नवीन माध्यमों से रूबरू हुई छात्राएं

देहरादून। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के देहरादून परिसर (कन्या गुरुकुल) में हिंदी विभाग की ओर से समाचार लेखन एवं रिपोर्टिंग विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मंगलवार को छात्राओं को संबोधित करते हुए परिसर की समन्वयक प्रो. हेमन पाठक ने कहा कि आज सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में पत्रकारिता का क्षेत्र इतना वृहत हो चुका है कि हम कोई भी सूचना या अपनी बात दूसरों तक आसानी से पहुंचा सकते हैं। सोशल मीडिया अथवा न्यू मीडिया ने आने वाली युवा पीढ़ी के लिए नई संभावनाओं को जन्म दिया है। कार्यक्रम की संचालक डॉ. निशा यादव ने छात्राओं को गुरुकुल कांगड़ी का पत्रकारिता में जो योगदान रहा उस पर संक्षिप्त जानकारी दी। कार्यशाला के पहले दिन सोमवार को वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार ने समाचार लेखन के प्रमुख सिद्धांतों, रिपोर्टिंग के प्रमुख प्रकार एवं पत्रकारिता से जुड़ी शब्दावली डेट लाइन, बाई लाइन, प्रिंट लाइन, फीचर और संपादकीय से छात्राओं को अवगत कराया। दूसरे दिन मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार टीएस नेगी ने छात्राओं को न्यू मीडिया एवं सोशल मीडिया की लेखन शैली, उद्देश्य एवं आचार संहिता की जानकारी दी। साथ इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर अकाउंट बनाना और कंटेंट का तरीका सिखाया। पॉडकास्ट, हैशटैग, कॉल टू एक्शन जैसे शब्दों के साथ ही डिजिटल कंटेंट तैयार करने के लिए आवश्यक उपकरणों का प्रायोगिक अभ्यास कार्यशाला में कराया।

मुख्यमंत्री ने की टीकरा टॉप में खेल मैदान, हेलीपैड निर्माण कराने की घोषणा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डामटा में यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह में प्रतिभाग किया

जयन्त प्रतिनिधि। उत्तरकाशी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकाशी जिले के डामटा में आयोजित यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह के आयोजन के लिए पांच लाख रूपये की धनराशि देने के साथ ही मुगरसंती पट्टी के पैंसठ गांव के आराध्य रूद्रेश्वर महाराज के डांडा देवराणा मेला को राजकीय मेले के कैलेण्डर में सम्मिलित करने और टीकरा टॉप में खेल मैदान व हेलीपैड का निर्माण कराने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डामटा क्षेत्र में पॉलीटेक्नीक संस्थान की आवश्यकता का आकलन कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार यमुनाघाटी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विकास समारोह में प्रतिभाग करने डामटा पहुंचे थे। सूरत स्टेडियम डामटा कांडी में आयोजित इस समारोह में हजारों की संख्या में जुटे स्थानीय लोगों ने पारंपरिक ढंग से मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने मेले में जुटे ग्रामीणों के साथ रवांई-जौनसार-जौनपुर क्षेत्र के पारंपरिक लोक नृत्य में भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जन समुदाय को इस समारोह के आयोजन एवं लोकपर्व इगास बग्वाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लोगों ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को सहेजने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस समारोह के जरिए महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास किया है। राज्य सरकार इस तरह के प्रयासों को निरंतर प्रोत्साहन देगी।

मुख्यमंत्री ने इस समारोह के आयोजन हेतु पांच लाख रुपये देने की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य की समृद्ध परंपराओं के संरक्षण व संवर्धन पर विशेष ध्यान दे रही है। खेलों से संबंधित अवस्थापनाओं एवं सुविधाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। युवाओं की प्रतिभा व कौशल के विकास, खेलकूद व सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन हेतु इस बार के बजट में डेढ हजार करोड़ रूपये से अधिक की धनराशि का अलग से प्राविधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने का गौरव मिला है। इससे राज्य में खेल गतिविधियों को नई ऊंचाई मिलेगी और राज्य के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभाग को उजागर करने का बेहतर अवसर मिल सकेगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी एसएल सेमवाल, अपर जिलाधिकारी देवानंद शर्मा, उप जिलाधिकारी बृजेश कुमार तिवारी, पुलिस उपाधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भंडारी, मेला समिति के अध्यक्ष बचन सिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र राणा, चमन सिंह चौहान, सुलोचना गौड़, दयाराम थपलियाल सहित अनेक जन-प्रतिनिधि एवं मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

यमुनाघाटी के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुनाघाटी क्षेत्र के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक महत्व के चलते इस क्षेत्र में पर्यटन एवं तीर्थाटन के विकास की विपुल संभावनाएं हैं। जिन्हें साकार करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार ने यमुना घाटी क्षेत्र के धार्मिक क्षेत्रों को विकसित कर श्रीकृष्ण यमुना तीर्थ सर्किट विकसित करने का बीड़ा उठाया है। जिसके तहत यमुना नदी के तटों पर विभिन्न प्रकार के घाट बनाकर विशेष आरती की व्यवस्थाएं की जाएंगी।

इस तरह के प्रयासों से इस क्षेत्र में आजीविका के नये अवसर पैदा होंगे और आर्थिकी को भी संबल मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि इस क्षेत्र के विकास को सरकार ने प्राथमिकता दी है और मुख्यमंत्री घोषणा के तहत इस क्षेत्र के लिए सर्वाधिक घोषणाएं की गई हैं।

चारधाम ऑल वेदर रोड के तहत इस क्षेत्र की सड़कों के चौड़ीकरण के लिए राज्य सरकार विशेष प्रयास कर रही है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से वार्ता के बाद डामटा से आगे यमुनोत्री मार्ग के चौड़ीकरण कार्य हेतु टेंडर की प्रक्रिया संपन्न करा ली गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुनाघाटी क्षेत्र में रेलवे लाईन के निर्माण के बावत भी केन्द्र सरकार से आग्रह किया जाएगा।

संस्कृत विद्यार्थियों को मिलेगी गणित व विज्ञान की भी शिक्षा : दीपक

नई टिहरी : सचिव संस्कृत शिक्षा दीपक कुमार ने कहा है कि अगले वर्ष से संस्कृत विद्यार्थियों को उत्तर मध्यमा से आधुनिक विषय विज्ञान व गणित भी पढ़ाये जाएंगे।

भारतीय गणित की पढ़ाई से उनकी तर्क क्षमता बढ़ाई जाएगी। सचिव दीपक कुमार मंगलवार को देवप्रयाग दौरे पर पहुंचे ओर उन्होंने यह बात कही। आगे कहा कि सरकार का संस्कृत भाषा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इसमें सभी अल्पसंख्यक वर्गों मुस्लिम, बौद्ध, पारसी, सिक्ख, ईसाई आदि को भी संस्कृत से जोड़ा जायेगा। वहीं अनुसूचित व जनजाति के छात्रों व सभी बालिकाओं को भी संस्कृत पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते उन्हें हर माह छात्रवृत्ति दी जायेगी। जबकि यूकोस्ट के साथ संस्कृत व विज्ञान तथा यूसर्क के साथ भारतीय गणित के संयुक्त सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। कहा कि हर जिले में एक संस्कृत ग्राम बनाने की शुरुआत की गई है। प्रदेश की द्वितीय राजभाषा होने पर गैरसैंण विधान सभा सत्र से संस्कृत भाषा के प्रयोग की शुरुआत की गयी है। अब देहरादून में राज भवन, मुख्यमंत्री कार्यालय, सचिवालय, विधान सभा आदि में पाक्षिक कार्यशालायें संस्कृत बोलचाल की लगाई जायेंगी। सचिव दीपक कुमार ने 1946 में स्थापित नक्षत्र वेधशाला का भ्रमण कर यहां की दुर्लभ धरोहरों को संरक्षित किये जाने की जरूरत बताते हुए कहा कि संस्कृत विभाग उत्तराखण्ड इसमें पूरा सहयोग करेगा। (एजेंसी)

छाम-मैंडखाल मोटर मार्ग खस्ताहाल, लोग परेशान

नई टिहरी : छाम-मैंडखाल मोटर मार्ग स्थानीय ग्रामीणों से लेकर धनोल्टी और उत्तरकाशी आवागमन के लिए प्रमुख वैकल्पिक मोटर मार्ग है। इस मार्ग से सीधे ज्वारना होते हुए सुरकंडा और धनोल्टी सहित मसूरी भी पहुंच सकते हैं। लेकिन दो माह पहले झटूलिया मंदिर के पास सड़क का पुश्ता क्षतिग्रस्त हो गया था।

बावजूद सुरक्षा की दृष्टि अभी तक इसकी मरम्मत नहीं हो पाई। स्थानीय निवासी बुद्धि सिंह बिष्ट, गोविंद रावत, सब्बल सिंह रावत आदि का कहना है कि मार्ग पर क्रैश बैरियर भी नहीं है। जगह-जगह झाड़ियां उगी हुई हैं। सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। झटुलिया मंदिर के पास दीवार टूटी हुई है। यहां पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लेकिन चेतावनी बोर्ड तक भी विभाग ने यहां पर नहीं लगाया है। (एजेंसी)

सीएम धामी ने इगास पर गर्माया चुनावी माहौल

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ विधानसभा उप चुनाव को लेकर केदारघाटी में चुनावी गरमाहट के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को प्रचार अभियान को गति देने कि लिए पहुंचे और वोटरों को इगास की शुभकामनाएं दी बता दें कि विधायक रही शैलारानी रावत के निधन के बाद सीएम ने नए विधायक न चुने जाने तक स्वयं को विधायक प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्र के विकास का जिम्मा लिया था। केदारघाटी के लोगों के बीच इगास की शुभकामनाएं देने के लिए सीएम स्यालसौड़ में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के समर्थन में पहुंचे। इस दौरान उनका अलग अंदाज देखने को मिला। वह बाइक रैली में शामिल हुए। सीएम के इस अंदाज ने कार्यकर्ताओं में भी जोश भरा।मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अगस्त्यमुनि पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वहीं दिवंगत विधायक शैलारानी रावत की पुत्री ऐश्वर्या रावत ने भी भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के समर्थन में प्रचार किया। चुनाव प्रचार के बीच सीएम धामी के अलग-अलग अंदाज देखने को मिल रहे हैं। आज जहां वह बाइक पर सवार दिखे। तो वहीं इससे पहले सोमवार को हरिद्वार में सीएम ने पन्ना लाल भल्ला क्रिकेट स्टेडियम में विधायकों की गेंदों पर चौके-धक्के लगाए और स्टेडियम का उद्घाटन किया। करीब 13.78 करोड़ की तीन योजनाओं का लोकार्पण किया। पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र में प्रचार के लिए मोर्चे पर डटे हैं।

सीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

नई टिहरी : सीडीओ के क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों के साथ विकास गोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामीणों की मांग पर सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी को पौधा रोपण की कार्य योजना तैयार करने को कहा। इसके लिए सिंचाई टैंकों के निर्माण के लिए भी योजना बनाने को कहा। गोष्ठी के दौरान ग्रामवासियों ने बताया कि बंदरों और सुअरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जाता है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइप लाइन तो बिछाई गई है, लेकिन गांव में भरपूर पानी के स्रोत न होने के कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती है। कण्डियाल गांव के ग्रामीणों ने बच्चों के खेलने के लिए गांव के विद्यालय में खेल मैदान बनाने की मांग की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रेखा असवाल, डीडीओ मोहम्मद असलम, बीडीओ नंद किशार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

17 नवंबर को लगेगा बहुउद्देशीय विधिक शिविर

नई टिहरी : जनपद के ब्लॉक जाखणीधार के जय किसान इंटर कालेज रौढ़धार में 17 नवंबर को बहुउद्देशीय विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि उत्तराखंड के कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनोज कुमार तिवारी प्रतिभाग करेंगे। विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में सभी सरकारी विभागों के जनसेवा कैंप लगाकर विभिन्न प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सीनियर सिविल जज आलोक राम त्रिपाठी ने आम लोगों से शिविर में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। (एजेंसी)

मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने किया जिला चिकित्सालय में एसएनसीयू का विधिवत शुभारंभ

देहरादून। माननीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज जिला चिकित्सालय (कोरोनेशन व गांधी हॉस्पिटल) में एसएनसीयू का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि जिला चिकित्सालय में एसएनसीयू संचालित होने से जहां जनमानस को सुविधा मिलेगी वहीं चिकित्सालय में भी सुरक्षित प्रसव होंगे। उन्होंने कहा की जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू संचालित करवाने करने में जिलाधिकारी एवं उनकी टीम का बहुत बड़ा सराहनीय योगदान बताते हुए जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन टीम की प्रसंशा की। एसएनसीयू के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते माननीय मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सुधार किए जा रहे हैं, वर्ष 2027 तक विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी पूर्ण कर ली जाएगी। एएनएम, नर्सिंग स्टाफ, पेरामेडिकल , फार्मासिस्ट के सभी पद भर लिए गए हैं। उन्होनें कहा कि हरिद्वार मेडिकल कालेज का शुभारम्भ हो गया है शीघ्र ही रूद्रपुर, बागेश्वर, पिथोरागढ मेडिकल कालेज का शुभारंभ हो जाएगा। सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हेतु प्रयत्नरत है। उन्होंने कहा वर्ष 2025 तक शत् प्रतिशत् संस्थागत प्रसव होंगे। साथ ही उत्तराखण्ड पहला ऐसा राज्य बनने जा रहा है जो 200 विशेषज्ञ चिकित्सक प्रतिवर्ष अन्य राज्यों को देगा। उन्होंने चिकित्सकों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि चिकित्सकों को भगवान का दर्जा देते हुए कहा कि नर्सें भी डेढ गुना अधिक कार्य करती हैं। उन्होंने चिकित्सा परिवार को जनसेवा के लिए बढ–चढकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने को कहा।

आयोजित सभा को सबोधित करते हुए जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा है कि उनके बच्चके जन्म के दौरान नवजात बच्चे को विशेष नवजात देखभाल इकाई तथा पत्नी को 2 यूनिट रक्त की आवश्यकता हुई, जिससे काफी कठिनायों का सामना करना पड़ा।

कार्मिक दायित्वों का निर्वहन गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ करें : सौरभ गहरवार

2 पालियों में 239 कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : 07– केदारनाथ विधानसभा उप निर्वाचन को निष्पक्ष एवं कुशलता के साथ संपादित कराने के लिए 02 पालियों में 239 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्मिकों को अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करने के दिए निर्देश। कहा कि जो भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है उसे सभी गंभीरता से ग्रहण करें तथा किसी भी शंका या समस्या का समाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लें।

जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में पहुंचकर कार्मिकों को दिए जा रहे ईवीएम का हैंड सोंग एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण का जायजा लेते हुए कार्मिकों की हौसला बढ़ाया। कहा कि सभी कार्मिक निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने हेतु दक्ष हैं किन्तु सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ करना है जिससे कोई भी त्रुटि न होने पाए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों से कहा कि निर्वाचन सामग्री का चैकलिस्ट से ठीक ढंग से मिलान कर लें तथा निर्वाचन प्रक्रिया संपादित करने से पहले सभी प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं के समक्ष माकपोल की प्रक्रिया संपन्न करा ली जाए तथा माकपोल के बाद जो भी मत पड़े हैं उनको पूर्ण रूप से डिस्पोज कर ली जाए। ईवीएम मशीनों की ठीक ढंग से सिलिंग कर ली जाए तथा निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ईवीएम मशीन का क्लोज बटन अवश्य दबाएं। इसके साथ ही फॉर्म-17ए 17सी का ठीक ढंग से मिलान कर लें। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती ने उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को संपादित कराने के लिए जो भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है उसे शांतमन व धैर्यपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। कहा कि पिछले लोकसभा निर्वाचन को संपादित कराने में भी सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई थी। इसी तरह इस उप निर्वाचन को भी कुशलता एवं आपसी समन्वय के साथ संपादित कराने में भी सभी का महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए। किसी भी समस्या या परेशानी के लिए मास्टर ट्रेनरों से संपर्क कर उसका समाधान कर लिया जाए। मास्टर ट्रेनर मुख्य कृषि अधिकारी लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने निर्वाचन प्रक्रिया में तैनात अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि निर्वाचन के लिए प्रस्थान से पूर्व सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी उन्हें उपलब्ध कराई गई निर्वाचन सामग्री की भली-भांति परीक्षण कर लें तथा मतदाता सूची का भी मिलान कर लें कि जिस पोलिंग बूथ पर उनकी तैनाती की गई है निर्वाचक नामावली उसी बूथ की है। इसके साथ ही उन्होंने अनिवार्य रूप से मानकों के अनुरूप ही मॉक पोल कराने को भी कहा। इस मौके पर मास्टर ट्रेनर मनोज सिंह बिष्ट, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, नोडल अधिकारी माइक्रो आब्जर्वर दीपा तिलारा, नोडल अधिकारी ईवीएम मीनल गुलाटी सहित जोनल एवं सेक्टर अधिकारी मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com